आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 16.04.2024, समयः 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के लिए उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ जिलों के दूरस्थ मतदान केंद्रो के लिए आज पोलिंग पार्टीयों को रवाना किया गया।
- प्रदेश से लगी नेपाल सीमा को अगले 72 घंटों के लिए बंद किया गया।
- भाजपा के समर्थन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोटद्वार और कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने पौड़ी में जनसभा को संबोधित किया।
- संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 2023 के परिणाम घोषित किए।
- नवरात्र के आठवें दिन आज प्रदेशभर के मंदिरों में माँ महागौरी की पूजा–अर्चना की जा रही है।

मतदान

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान आगामी 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इसके लिए उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ जिलों के दूरस्थ मतदान केंद्रो के लिए आज पोलिंग पार्टीयों को रवाना किया गया। इसके साथ ही प्रदेश में मतदान पार्टियों के प्रस्थान का सिलसिला शुरू हो गया है। पिथौरागढ में यह पोलिंग दल जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर का सफर वाहन से करेगा, जबकि कल सुबह 18 किलोमीटर पैदल चलकर यह दल अपने गन्तव्य पर पहुंचेगा। वहीं, उत्तरकाशी के 11 दूरस्थ मतदान केन्द्रों के लिए भी मतदान पार्टियों को रवाना किया गया। यह सभी मतदान केन्द्र समुद्रतल से लगभग साढे छह हजार फिट से लेकर नौ हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित हैं। इन मतदान पार्टियां को जिला मुख्यालय से 1 सौ 75 से 2 सौ किलोमीटर तक की दूरी वाहन से करनी होगी, जबकि लगभग 4 से लेकर 14 किलोमीटर तक की दूरी पैदल तय करनी है।

अंतरराष्ट्रीय सीमा सील

लोकसभा चुनाव को देखते हुए चंपावत जिले समेत नेपाल से लगी राज्य की अंतरराष्ट्रीय सीमा आज शाम पांच बजे से अगले 72 घंटों के लिए बंद कर दी गई है। इस दौरान आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सीमा पर आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय सीमा को बंद करने के निर्देश दिए गये हैं।

मतदान  जागरूकता कार्यक्रम

निर्वाचन आयोग, आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश के मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसके लिए स्वीप के माध्यम से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। आकाशवाणी से बातचीत में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया कि मतदाताओं को क्वीज व चित्रकला प्रतियोगिता, शपथ और अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उधर, हरिद्वार में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिला विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है और कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सभी को मतदान के लिए आगे आने के साथ ही देश के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी होगी।

## चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार तेज हो गया है। कांग्रेस, भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज उत्तराखंड के कोटद्वार में भाजपा के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। राम मंदिर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कल राम नवमी है और 500 साल बाद रामलला अपना जन्मदिन टेंट की जगह भव्य मंदिर में मनाने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक देश पर शासन किया लेकिन राम मंदिर के मुद्दे को लटकाती रही। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना से ही हमारे नेताओं ने चुनाव घोषणा पत्र में एक वादा किया था कि इस देश में धर्म के अनुसार कानून नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में सबसे पहले समान नागरिक संहिता– यूसीसी लाने का काम उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया है। श्री शाह ने कहा कि भाजपा ने उत्तराखंड की तर्ज पर पूरे देश में यूसीसी लाने की गारंटी दी है। श्री शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है, ''विकसित भारत'' की रचना करना और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना।

उधर, गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कोटद्वार में जनसंपर्क किया। वहीं, टिहरी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने देहरादून में एक जनसभा को संबोधित करते हुए महिलाओं और युवाओं के हित में काम करने का संकल्प लेते हुए लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसी बीच, उत्तराखंड क्रांति दल और बहुजन समाज पार्टी के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

## यूपीएससी परिणाम

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 2023 के अंतिम नतीजों के परिणामों की घोषणा आज कर दी है। परिणामों के तहत वर्ष 2023 की परीक्षा के लिए घोषित की गई कुल रिक्तियों के मुकाबले 1 हजार 16 चयनित उम्मीदवारों की सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जारी कर दी गई है। इस साल यू.पी.एस.सी फाइनल परिणाम में आदित्य श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 1 हजार 16 उम्मीदवारों में 347 सामान्य वर्ग, 115 ईडब्ल्यूएस, 303 अन्य पिछड़ा वर्ग, 165 अनुसूचित जाति और 86 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।

## चैत्र नवरात्र

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज माँ महागौरी की पूजा–अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश भर के देवी मंदिरों में लोग दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। हरिद्वार के नील पर्वत पर स्थित मां चंडी देवी मंदिर में पूजा–अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं, चंडी देवी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। चंडी देवी मंदिर के महंत रोहित गिरि ने बताया कि मां भगवती ने चंडी के रूप में प्रकट होकर दैत्यों का संहार किया था। उन्होंने कहा कि नवरात्र में मां के दर्शन करने से मन वांछित फल की प्राप्ति होती ळें अल्मोड़ा जिले के मां दुर्गा के विभिन्न शक्ति पीठों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मां नंदा देवी मंदिर के पुजारी पंडित विनोद जोशी ने बताया कि नवरात्र में विशेष पूजा करने के लिए श्रद्धालु आते हैं।

आदि कैलाश

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने आदि कैलाश और ओम पर्वत जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए हेली दर्शन टूर सेवा की शुरूआत की। पहले दिन 12 पर्यटकों ने इस सेवा का लाभ उठाया। इस सेवा का लाभ श्रद्धालु पिथौरागढ़ से ले सकेंगे। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की पहल का उद्देश्य नवंबर से मार्च तक सर्दियों के महीनों के दौरान पर्यटकों को इस क्षेत्र में आने का अवसर प्रदान करना है। इस सेवा का लाभ लेने के लिए अब तक 110 लोगों ने पंजीकरण कराया है। गौरतलब है कि इस पहल से स्थानीय व्यक्तियों को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और शीतकाल के दौरान भी इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस सेवा की अधिक जानकारी के लिए श्रद्धालु वेबसाइट– triptotemples.com लॉगइन या 85 10 00 77 51 पर कॉल कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

चारधाम पंजीकरण

प्रदेश में चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद ने बताया कि पहले दिन 2 लाख 1 हजार 851 से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। यमुनोत्री के लिए 35 हजार 356, गंगोत्री के लिए 36 हजार 111, केदारनाथ के लिए 69 हजार 543, बद्रीनाथ के लिए 58 हजार 685 और हेमकुंड साहिब के लिए 2 हजार 156 पंजीकरण हुए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है।